गणपती बाबा दया करो

गणपती बाबा दया करो,
हर चिंतक की चिंता हरो,
गणपती बाबा दया करो,
हर चिंतक की चिंता हरो,
शरण तुम्हारी जो आये है,
शरण तुम्हारी जो आये है,
उनके ग्रह रत्नों से भरो,
गणपती बाबा दया करो,
हर चिंतक की चिंता हरो।

श्रद्धा और विश्वास से हमने,
फेरी तुम्हारी माला है,
फेरी तुम्हारी माला है,
क्योंकि मंगल मूर्ति तू ही,
दुखियों का रखवाला है,
दुखियों का रखवाला है,
जैसे वैभव सबको दिया है,
जैसे वैभव सबको दिया है,
वैसे खुशियां हमको दो,
गणपती बाबा दया करो,
हर चिंतक की चिंता हरो,
गणपती बाबा दया करो,
हर चिंतक की चिंता हरो।

विघ्न विनाशक तू भय भंजन सबका पालन हारा है,
सबका पालन हारा है,
दुःख की काली रातों में भी कर देता उजियारा है,
कर देता उजियारा है,
जनम जनम के पाप तुम्हारी,
जनम जनम के पाप तुम्हारी,
नाम सुधा है देती धो,
गणपती बाबा दया करो,
हर चिंतक की चिंता हरो,
गणपती बाबा दया करो,
हर चिंतक की चिंता हरो।

हमने आठो याम तुम्हारा गौरी नंदन जाप किया,
गौरी नंदन जाप किया,
भूल जो हो गयी भूल से भी, उसका पश्चाताप किया,
उसका पश्चाताप किया,
हम दोषी, निर्दोष बना दो,
हम दोषी, निर्दोष बना दो,

अवगुण पे ना ध्यान धरो,
गणपती बाबा दया करो,
हर चिंतक की चिंता हरो,
गणपती बाबा दया करो,
हर चिंतक की चिंता हरो....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25356/title/ganpati-baba-daya-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |